# कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद भी नगर निगम का जल वितरण तंत्र फैल, जनता को जल के लिए पड़ रहा तरसना

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के सख्त आदेश के बाद भी नगर निगम का जल वितरण तंत्र अब बेपटरी होता नजर आ रहा है। जनता को जल के लिए अब तरसने को मजबूर होना पड़ रहा है जानकारी अनुसार शहर के समता नगर, हकीमवाडा, ऊकाला रोड,बसंत कॉलोनी,लंबी गलीमें हर जगह नगर निगम का जल वितरण व्यवस्था तंत्र फैल हो चुका है कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के सख्त आदेश के बाद भी नगर निगम का जल विभाग शहर की जनता को जल वितरण व्यवस्था सही करने मे कतरा रहा है। शहर में करीब 15 दिनों से बिगड़ी जलवितरण व्यवस्था में सुधार के लिए मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम तथा विद्युत वितरण कंपनी के अमले के साथ विशेष बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नगर निगम का अमला 24 घंटे काम करते हुए जल वितरण व्यवस्था को सुधारे, लोगों की समस्या शिकायत सुने। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह अंतिम बैठक है यदि सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कई दिनों से शहर में भरपूर बारिश होने के बाद भी शहर की जल वितरण व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। बताया जाता है की गर्मी में जलसंकट के बाद बारिश में भी निगम के जिम्मेदार मनमाने तरीके से अलग-अलग कारणों को बताकर व्यवस्था प्रभावित कर रहे है। लगता है अब शहर की जनता को स्वयं के खर्च पर जल की व्यवस्था करनी पड़ेगी। जनता ने समय पर शुद्ध जलापूर्ति किए जाने की मांग की है। २१५

राज एक्सप्रेस २७/७/२१

# समूह से जुड़ने के बाद विनीता की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद कमजोर आर्थिक परिस्थिति वाली विनीता की आर्थिक स्थिति मजबूत हो गई है। विनीता रतलाम जिले के ग्राम गोंदीधर्मसी रहने वाली है।, दाहिने पैर से दिव्यांग है। बी कॉम शिक्षित विनीता शर्मा के परिवार में माता-पिता आर्थिक रूप से सक्षम नहीं थे, इसलिए विनीता अपनी पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के लिए भी कुछ न कुछ कार्य सदैव करती रही और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रही।

विनीता जनवरी 2020 से आजीविका मिशन के माध्यम द्वारा सरस्वती स्वयं सहायता समूह से जुड़ी। समूह से जुड़ने पर उसने बचत करना आरंभ किया। धीरे-धीरे विनीता ने आजीविका मिशन को समझा, उसके समूह में 11 महिलाएं हैं। समूह को सी आई एफ के रूप में 75 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है। विनीता को 10 हजार रूपए का ऋण मिला, जिसका उपयोग उसने दुकान और ब्यूटी पार्लर के कार्य में किया और रोजगार में बढ़ोतरी की। आज उसकी आय 300 से 500 रूपए प्रति दिवस होती है। विनीता कपड़े विक्रय करने की दुकान भी संचालित करती है।



विकासखंड जावरा के ग्राम गोंदीधर्मसी की रहने वाली विनीता का कहना है कि जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए आजीविका मिशन से जुड़ी, तो मुझे आत्मनिर्भर होने का सही अर्थ समझ में आया। जीवन में जब हम अकेले प्रयास करते हैं, तो शायद अपने तक ही सीमित रह जाते हैं, परंतु आजीविका मिशन से जुड़ने पर यह महसूस हुआ कि आजीविका वह पूंजी है जहां निरंतर प्रयास करने से सफलता मिलना निश्चित है। आत्मनिर्भर होने के सारे गुण आजीविका से प्राप्त हुए हैं, इसके लिए विनीता मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को भी धन्यवाद देती है, जिनके द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में सशक्त कार्य किए जा रहे हैं।

प्रसारण 27/7/21

# कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने निगम अधिकारियों की ली बैठक

रतलाम।

**कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के स्वास्थ्य, राजस्व, विकास शाखा आदि विभागों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।**



## शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के दिये निर्देश

कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने पिछली बैठक में दिये निर्देशों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन सांय 4 बजे सफाई व्यवस्था का फीड बैक झोन प्रभारियों से लेकर कार्य में आने वाली समस्याओं का निराकरण करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे रिक्त भूखण्ड जहां कचरा एकत्रित हो रहा है ऐसे भूखण्ड स्वामियों पर जुर्माने की कार्यवाही करें साथ ही ऐसी मदिरा की दुकानें जहां कचरा व गंदगी होती है उन पर भी स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिदिन अनुपस्थित सफाई संरक्षकों व स्पॉट फाईन की जानकारी व्हाट्स एप ग्रुप में डालने के निर्देश झोन प्रभारी व स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने निर्देशित किया कि सफाई कार्य की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक जिम्मेदारी से कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन करें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि शहर में यदि कहीं भी कचरा या गंदगी दिखाई दी तो संबंधितों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने एनयूएलम के विभिन्न घटकों व पी.एम. स्वनिधी प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सिटी मैनेजर व सामुदायिक संगठिकाओं को निर्देशित किया कि वे 15 अगस्त तक पी.एम. स्वनिधी के 2500 हितग्राहियों को ऋण दिलाने का लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

इसके अलावा कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने निगम के राजस्व में वृद्धि किये जाने हेतु निगम की विक्रय योग्य संपत्ति के संबंध में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के तहत की गई कार्यवाही की जानकारी लेकर नित्यानंद मार्केट में अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई 6 दुकानों के विक्रय हेतु निविदा जारी करने की कार्यवाही करने, महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स की 99 दुकानों के विक्रय हेतु निविदा जारी किये जाने के पूर्व मार्केट व दुकानों की मरम्मत व रंगाई पुताई कराने के निर्देश बैठक में दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम को निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा राजीव गांधी सिविक सेंटर की 121 संपत्ति, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्टैण्ड की दुकान/हॉल/छत, देवरा देव नारायण नगर के 16 फ्लेट, टीआईटी रोड पर रोडवेज को लीज पर दी गई भूमि, अमृत सागर में अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि, अर्जुन नगर कॉलोनी में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि, पांजरा पोल की दुकानें व नित्यानन्द मार्केट की दुकानों की जानकारी लेकर विक्रय योग्य संपत्तियों के विक्रय किये जाने हेतु निविदा जारी किये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, सहायक यंत्री श्याम सोनी, निगम सचिव जसवंत जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर, सहायक राजस्व निरीक्षक वासुदेव बैरागी, सतीश यादव, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, सुश्री निर्मला राय आदि उपस्थित थे।

इन्दौर २६

इन्दौर समाचार २६/७/२१

राज्य के साढ़े चार लाख नियमित कर्मचारियों को होगा सीधा लाभ

# कर्मचारियों को मिलेगी जुलाई 2020 और जनवरी 2021 की वेतनवृद्धि

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** कोरोनाकाल में वेतनवृद्धि का इंतजार कर रहे कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर यह है कि सरकार ने उन्हें जुलाई 2020 और जनवरी 2021 में मिलने वाली वेतन वृद्धि अब मिलेगी। इस संबंध में वित्त विभाग ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसका सीधा लाभ राज्य के साढ़े चार लाख नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को मिलेगा।

पिछले वर्ष सरकार ने कोरोना संक्रमण और आर्थिक संकट के चलते इसके आदेश जारी नहीं किए थे। राज्य शासन के अधीन सभी उपक्रम, निगम, मंडल, स्थानीय निकाय विकास प्राधिकरण, आयोग, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के संबंध में उनके प्रशासकीय विभाग अलग से आदेश जारी करेंगे।

जानकारी के अनुसार वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है वार्षिक वेतन वृद्धि जुलाई, जनवरी माह में दी जाती है। चूंकि राज्य शासन द्वारा वेतन वृद्धि को स्थगित करने या रोकने के आदेश नहीं किए गए हैं इसलिए शासकीय सेवकों को वार्षिक वेतन वृद्धियों का भुगतान पात्रता के अनुसार किया जाएगा। जिन शासकीय सेवकों की वार्षिक वेतनवृद्धि जनवरी 2022 में मिलना है, उनके संबंध में भी गणना के निर्देश दिए गए हैं। जुलाई 2020 या जनवरी 2021 की वेतन वृद्धि के वित्तीय लाभ या एरियर्स की राशि के संबंध में अलग से निर्णय लिया जाएगा। वेतनवृद्धि के लिए जो फॉर्मूल ड्र वित्त विभाग ने दिया है उसके अनुसार यदि शासकीय सेवक का वेतनमान लेवल 12 (56100-177500) है और जून 2020 में मूल वेतन 69000 रुपए है तो एक जुलाई 20 में काल्पनिक वार्षिक वेतनवृद्धि 71100 होगी (जिसका वास्तविक भुगतान नहीं हुआ) और एक जुलाई 21 को देय वार्षिक वेतन वृद्धि 73200 (जुलाई 20 की काल्पनिक वेतनवृद्धि शामिल करते हुए) प्रदान की जायेगी। जिन शासकीय सेवकों की वार्षिक वेतनवृद्धि जनवरी 2022 में मिलना है, उनकी गणना भी इसी अनुसार की जाएगी।

| | |
|---|---|
| **प्रथम श्रेणी अधिकारी** | **3000 रुपए से अधिक** |
| द्वितीय श्रेणी | 2000 से 3000 हजार रुपए प्रतिमाह |
| **तृतीय श्रेणी** | **1000 से 2000 रुपए प्रतिमाह** |
| चतुर्थ श्रेणी | 600 से 1000 रुपए प्रतिमाह का लाभ होगा |

पत्रिका 27/7/21

# शासकीय सेवकों को मिलेगी वार्षिक वेतन वृद्धि

**वित्त विभाग का आदेश जारी**

## कोरोना के कारण पिछले वर्ष नहीं हुई थी वृद्धि

**भोपाल 26 जुलाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर शासकीय सेवकों को एक जुलाई 2020 एवं 1 जनवरी 2021 को देय वार्षिक वेतन वृद्धि मिलेगी. वित्त विभाग ने सभी विभागों के लिये आज इस आशय के निर्देश जारी कर दिये**

हैं. वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारी हितैषी है प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को मिलने वाले सभी स्वत्वों को नियमानुसार दिया जायेगा. वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है वार्षिक वेतन वृद्धि जुलाई / जनवरी माह में देय होती है. चूंकि राज्य शासन द्वारा वेतन वृद्धि को स्थगित करने या रोकने के आदेश नहीं किये गये हैं इसलिये शासकीय सेवकों को वार्षिक वेतन वृद्धियों का भुगतान पात्रता के अनुसार किया जायेगा. जिन शासकीय सेवकों की वार्षिक वेतनवृद्धि जनवरी 2022 में देय होगी उनके संबंध में भी गणना के निर्देश दिये दिये हैं. जुलाई 2020 /जनवरी 2021 की वेतन वृद्धि के वित्तीय लाभ/ एरियर्स की राशि के [illegible] अलग से निर्णय लिया जायेगा.

राज्य शासन के अधीन सभी उपक्रम निगम, मंडल, स्थानीय निकाय विकास प्राधिकरण, आयोग, विश्वविद्यालय के कर्मियों को भी जुलाई 2020 और जनवरी 2021 की वार्षिक वेतनवृद्धि तत्समय देय नहीं रही थी. अतः इस संबंध में निर्देश संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा अलग से जारी किये जायेंगे.



> वेतनवृद्धि के लिये जो फार्मूला वित विभाग ने दिया है उसके अनुसार यदि शासकीय सेवक का वेतनमान लेवल 12 (56100-177500) है और जून 2020 में मूल वेतन रूपये 69000 है तो एक जुलाई 2020 में काल्पनिक वार्षिक वेतनवृद्धि 71100 होगी (जिसका वास्तविक भुगतान नहीं हुआ) और एक जुलाई 2021 को देय वार्षिक वेतन वृद्धि रूपये 73200 (जुलाई 2020 की काल्पनिक वेतनवृद्धि शामिल करते हुए) प्रदाय की जायेगी. जिन शासकीय सेवकों की वार्षिक वेतनवृद्धि जनवरी 2022 में देय होगी उनकी गणना भी इसी अनुसार की जायेगी.

नवभारत

नवभारत 27/7/21

# 1139 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 24 जुलाई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1139 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

इन्दौर समाचार 28/7/21

# गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को आज लगेगा टीका

रतलाम। रतलाम जिले में आज गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को शहर के एमसीएच अस्पताल पोस्ट ऑफिस के पास, सिविल अस्पताल जावरा, सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलोदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खारवाकला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में गर्भवती महिलाओं को मंगलवार को को-वैक्सीन का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को कोविड19 टीकाकरण गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय लगवाया जा सकता है। टीकाकरण कराने के लिए गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार की प्रि ऑन लाइन स्लॉट बुकिंग कराने की आवश्यकता नहीं है। गर्भवती महिलाओं को वैक्सीनेशन केंद्र पर अपना आधार कार्ड और मोबाइल लेकर आना होगा। वैक्सीनेशन केंद्र पर सीधे ऑन स्पॉट बुकिंग कर टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण केंद्र पर

हेल्पडेस्क के माध्यम से उनका फॉलोअप किया जाएगा। कोविड-19 टीकाकरण के बाद भी गर्भवती महिलाओं को मास्क लगाना, अपने हाथों को बार-बार साबुन से धोना तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना आवश्यक रहेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को होने वाला कोविड-19 वैक्सीनेशन गर्भवती महिला और उनके बच्चे दोनों के लिए सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद हल्का बुखार, इंजेक्शन लगने वाली जगह पर दर्द, लालिमा आदि जैसे मामूली लक्षण हो सकते हैं, इनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए गर्भवती महिलाओं को वैक्सीनेशन के संबंध में पहले परामर्श प्रदान किया जाएगा और गर्भवती महिलाओं की सहमति के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। वैक्सीनेशन के बाद गर्भवती महिलाओं को 30 मिनट तक रुकना आवश्यक रहेगा। एएनसी क्लीनिक के दौरान किए जाने वाले टीकाकरण के समय यदि महिला को टिटनेस का वैक्सीन लगाया जाता है तो ऐसी

**निगम कर्मचारियों की पीड़ा:** परिषद में पास प्रस्ताव पर भी अमल नहीं

# मवेशियों के हमले में 4 साल में 3 की मौत

पत्रिका अभियान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के तीन कर्मचारियों की बीते चार साल में मवेशी के हमले से मौत हो गई। परिषद ने प्रस्ताव पास किया की कोई कर्मचारी बीमार हो या अन्य दुर्घटना हो तो 50 लाख रुपए तक का मुआवजा या मदद की जाए। यह अलग बात दिया एक धेला नहीं। सफाई में लगे कर्मचारियों की पीड़ा यह है कि परिषद में जो प्रस्ताव मंजूर किए गए, उस पर तक अमल नहीं हो रहा।


शहर में बेहतर सफाई हर कोई चाहता है, लेकिन सफाई कर्मचारी क्या चाहते है इसको जाने बगैर। अगर कर्मचारी को कुत्ता काट खाए व वो अगले दिन काम पर नहीं आए तो गैर हाजीर मानकर वेतन काटने से लेकर नोटिस देने की प्रक्रिया तो होती है, लेकिन कर्मचारी को आकस्मिक मदद के लिए रुपए देने का जो प्रस्ताव परिषद ने पास किया, उस पर अमल अधिकारी नहीं करते है। शहर में मवेशियों के कारण ही तीन की मौत हो गई, लेकिन इनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति तक नगर निगम नहीं दे पाया।



## नियम अनुसार मदद की गई

कुसुम खरे के मामले में प्रति माह इलाज के दौरान जितना मुझे बताया गया, एक हजार रुपए की मदद की गई। शेष के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं है।मवेशी पकड़ने का अभियान प्रतिदिन चल रहा है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

### यह है बानगी निगम की



50 लाख रुपए मदद का प्रावधान, देते एक रुपए नहीं।

**केस एक-** वर्ष 2019 में निगम की स्थायी कर्मचारी कुसुम खरे को ऑन ड्यूटी मवेशी ने मारा। इसके बाद दो ऑपरेशन व 9 माह की असहनीय पीड़ा के बाद भी कुसुम बिस्तर से नहीं उठ पाई। नियम यह कहता है कि स्थायी कर्मचारी की इलाज में मदद करना थी, लेकिन नगर निगम ने कुसुम की मौत के बाद अब तक परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति तक नहीं दी। परिवार के सदस्य चक्कर काटकर इतने निराश हो गए की अब निगम आना ही छोड़ दिया।

**केस दो-** 17 मार्च 2017 को अमृत सागर तालाब के करीब मवेशी ने धर्मेंद्र गरवाल को मारा। इसके बाद इलाज के दौरान धर्मेंद्र की मौत हो गई। घर में सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक बालाराम गरवाल, मृतक की पत्नी पवित्रा व बेटा देवांग है। जिन मवेशियों के चलते मौत हुई उसमे मदद तो दूर, मवेशी तक पकड़ने में निगम का अमला असफल साबित हुआ।

**केस तीन-** 6 अगस्त 2018 को पत्रकार कॉलोनी में रहने वाले रमाकांत शुक्ला की मौत मवेशी के मारने से हुई। तब से अब तक निगम ने बड़े मवेशी पकड़ने के दावे तो किए, लेकिन हकीकत में हुआ कुछ नहीं। हाल ही में निगम के वार्ड नंबर 41 में पदस्थ कर्मचारी मितलेश पिता गोपाल को माणकचौक में सफाई के दौरान कुत्ते ने काट खाया। मदद के बजाए काम से नदारत होने का नोटिस दे दिया गया।

पत्रिका 27/7/21

## कलेक्टर तथा निगमायुक्त ने बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा किया

# जीर्ण-शीर्ण भवनों व क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित करने के दिए निर्देश

### आपदा प्रबंधन हेतु निगम ने किए व्यापक प्रबंध



रतलाम ● स्वदेश समाचार

लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई तथा कई स्थानों पर नाले भी उफान पर आ गए, जिसे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। निगमायुक्त श्री झारिया ने बताया कि अतिवृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है। श्री झारिया द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिए जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाए जाने तथा शहर के नाले-नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्शी इत्यादि खुली न रहे इसकी

## शुद्ध जल की उपलब्धता

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिए आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिए पम्प आदि की व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जल प्रदाय को सौंपी है।

## नियंत्रण कक्ष बनाया

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिए नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की 8-8 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई। इसके अलावा नाले-नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालों में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले-नालियों का निर्माण करना, अतिवृष्टि स्थल पर विद्युत लाइन काटने हेतु दल गठित करना, आपदा की स्थिति में फायर ब्रिगेड दल को सुलभ रखना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबंधितों को दिए।

गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर विशाल भटनागर मो.न. 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर मुकेश, कुलदीप भट्ट 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर महेश व्यास 9752971374 तथा जैन उमा

# स्वच्छता पखवाड़े में जल प्रबंधन पर व्याख्यान हुआ

राज



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

15 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा 24जुलाई 2021 वर्मिन कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर ग्राम धराड के गुरुकुल स्कूल में व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि रतनलाल चरपोटा म.प्र. जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक सैलाना, अध्यक्ष दिनेश गहलोत सरपंच, विशेष अतिथि मनोज उप-सरपंच, पंचायत समन्वयक धन्नालाल फुलेरिया की उपस्थिति में व्याख्यान आयोजित किया गया।

## कोविड से बचाव की प्रक्रिया से अवगत कराया

इस अवसर पर रतनलाल चरपोटा जी ने वर्मिन कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। धन्नालाल ने कोविड 19 से बचाव प्रक्रिया से अवगत करवाया। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी रघुवीर सिंह सिसोदिया ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा ग्राम धराड व खाटोडा में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षार्थीयों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गए ।श्रीमति जिगेश सोसोदिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

राज एक्सप्रेस 27/7/21

# 44 दिन में राज्यों ने लगाई 41 लाख अतिरिक्त डोज

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। देशभर में कोरोना के टीके की किल्लत के बीच अच्छी खबर है। ज्यादातर राज्यों ने शीशी में उपलब्ध एक अतिरिक्त डोज का भी सदुपयोग किया है। एक मई से 13 जुलाई के बीच 29 राज्यों ने कोविशील्ड की शीशी में उपलब्ध यह अतिरिक्त डोज 41 लाख 11 हजार लोगों को लगाई है। इसमें सबसे अधिक पांच लाख 88 हजार अतिरिक्त डोज तमिलनाडु ने निकाली। मप्र में छठवें स्थान पर है। प्रदेश में इस अवधि में तीन लाख 55 हजार अतिरिक्त डोज लगाई गईं।

कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर शीशी में उपलब्ध अतिरिक्त डोज का किया सदुपयोग


**3.55** लाख अतिरिक्त डोज लगाई गईं मध्य प्रदेश में भी





## बेकार होता था पहले

मप्र में टीका बेकार जाने का प्रतिशत जनवरी से अप्रैल के बीच चार तक पहुंच गया था। मई से 13 जुलाई के बीच तीन लाख 55 हजार अतिरिक्त डोज लगाई गईं। 16 जनवरी से 30 अप्रैल तक बेकार हुई डोज की संख्या इतनी ज्यादा थी कि तीन लाख 55 हजार से घटाने के बाद इसकी संख्या दो लाख 88 हजार 046 ही होती है।

नईदुनिया




(टीकाकरण की शुरुआत से लेकर 17 जुलाई तक की स्थिति)

## ऐसे निकाली जाती है अतिरिक्त डोज

राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि कोविशील्ड की 10 डोज की एक शीशी होती है। एक अतिरिक्त डोज 0.5 एमएल का भी उसी शीशी में रहता है ताकि सिरिज से एयर निकालते समय कुछ बूंदे बेकार भी हो जाएं तो भी 10 लोगों को आसानी से लगाया जा सके। यह अतिरिक्त डोज करीब दो महीने पहले तक शीशी के साथ फेंक दी जाती थी लेकिन अब इसका उपयोग किया जा रहा है। कोवैक्सीन में अतिरिक्त डोज नहीं रहती। टीका लगाने में उपयोग होने वाली सिरिज में 0.5 एमएल डोज निकलने के बाद सिरिज लाक हो जाती है, जिससे डोज कम-ज्यादा नहीं निकलती।

नईदुनिया 27/7/21

# आज गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं का कोविड वैक्सीनेशन किया जाएगा

## को-वैक्सीन का टीका लगेगा

प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम

जिले में मंगलवार को गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को शहर के एम सी एच अस्पताल पोस्ट ऑफिस के पास, सिविल अस्पताल जावरा, सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाखाकलां, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में गर्भवती महिलाओं को मंगलवार को को-वैक्सीन का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को कोविड-19 टीकाकरण गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय लगवाया जा सकता है। टीकाकरण कराने के लिए गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार की प्रि-ऑन लाइन स्लॉट बुकिंग कराने की आवश्यकता नहीं है। गर्भवती महिलाओं को वैक्सीनेशन केंद्र पर अपना आधार कार्ड और मोबाइल लेकर आना होगा। वैक्सीनेशन केंद्र पर सीधे ऑन स्पॉट बुकिंग कर टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीनेशन कराने वाली गर्भवती महिलाओं का पृथक से रिकॉर्ड भी संधारित किया जाएगा तथा सुमन हेल्पडेस्क के माध्यम से उनका फॉलोअप किया जाएगा। कोविड-19 टीकाकरण के बाद भी गर्भवती महिलाओं को मास्क लगाना, अपने हाथों को बार-बार साबुन से धोना तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना आवश्यक रहेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को होने वाला कोविड-19 वैक्सीनेशन गर्भवती महिला और उनके बच्चे दोनों के लिए सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद हल्का बुखार, इंजेक्शन लगने वाली जगह पर दर्द, लालिमा आदि जैसे मामूली लक्षण हो सकते है, इनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

जितना जल्दी हो सके, सभी गर्भवती महिलाओं को कोविड-19 वैक्सीनेशन करवाना चाहिए। कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए गर्भवती महिलाओं को वैक्सीनेशन के संबंध में पहले परामर्श प्रदान किया जाएगा और गर्भवती महिलाओं की सहमति के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। वैक्सीनेशन के बाद गर्भवती महिलाओं को 30 मिनट तक रुकना आवश्यक रहेगा। ए एन सी क्लीनिक के दौरान किए जाने वाले टीकाकरण के समय यदि महिला को टिटनेस का वैक्सीन लगाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में बांई भुजा पर टिटनेस का वैक्सीन एवं दाई भुजा पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा।

# शैरानीपुरा जमात खाना सेंटर देर रात तक हुआ

प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम



सोमवार को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत शैरानी पुरा जमातखाना सेंटर रात्रि 8.35 तक - 825 लोगों ने वैक्सीनेश करवाया। इस अवसर पर भाजपा कोविडप्रभारी उमेश पालीवाले, स्वास्थ्य वैक्सीनेशन प्रभारी लोकेश विश्नोई, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल उपाध्यक्ष मुबारिक शैरानी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री मंसूर जमादार, वरिष्ठ नेता इनायत बाबा, वार्ड संयोजक प्रभु सोलंकी, नईम शैरानी, मसरूफ भाई, अजगर भाई, युनुस खान, बच्चु पटेल, दरोगा वहाब कप्तान, मोहसिन खान आदि मौजूद थे।

प्रसारण 27/7/21

# तीसरी लहर से बचाव के लिए चिकित्सकीय स्टॉफ को किया जा रहा है प्रशिक्षित

प्रशांत न्यूज़ * रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों, चिकित्सकीय स्टाफ को मुस्तैद किया जा रहा है।

जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को टीओटी का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों में कोविड-19 के संभावित संक्रमण के लक्षण एवं जांच एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया जाएगा ताकि मैदानी स्तर पर ही बच्चों को उचित प्राथमिक उपचार मिल सके।

सेक्टर ,मेडिकल ऑफिसर द्वारा सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के माध्यम से नवनियुक्त 20 नर्सिंग स्टाफ से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। शासकीय मेडिकल कॉलेज में 114 नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को कोविड आईसीयू एचपीयू कोविड आइसोलेशन में मरीजों के प्रबंधन एवं देखभाल हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। जिला चिकित्सा एवं बाल चिकित्सालय में समस्त पैरामेडिकल स्टाफ को बच्चों में उपचार एवं निमोनिया के उपचार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रसार

प्रसारण 27/7/21

# तीसरी लहर से बचाव के लिए चिकित्सकीय स्टाफ को किया जा रहा है प्रशिक्षित

रतलाम ■ राज न्यूज़ नेटवर्क

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों, चिकित्सकीय स्टाफ को मुस्तैद किया जा रहा है।

रतलाम जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को टीओटी का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ब%चों में कोविड-19 के संभावित संक्रमण के लक्षण एवं जांच एवं

मैदानी स्तर पर ही बच्चों को उचित प्राथमिक उपचार मिल सके।

सेक्टर मेडिकल ऑफिसर द्वारा सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के माध्यम से नवनियुक्त 20 नर्सिंग स्टाफ से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। शासकीय मेडिकल कॉलेज में 114 नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को कोविड आईसीयू एचपीयू कोविड आइसोलेशन में मरीजों के प्रबंधन एवं देखभाल हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। जिला चिकित्सा एवं बाल चिकित्सालय में समस्त पैरामेडिकल स्टाफ को ब%चों में उपचार एवं निमोनिया

# राशन एवं पावती की जानकारी उपभोक्ता स्वयं भी दे सकते हैं

रतलाम। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत हितग्राहियों को वितरित किए गए राशन एवं उन्हें दी जाने वाली पावती की पुष्टि स्वयं उपभोक्ता भी कर सकते हैं। उपभोक्ता स्वयं भी कार्यालयीन समय में प्रातः 10.30 बजे से शाम 6 बजे तक कॉल सेंटर पर फोन लगाकर बता सकते हैं कि उनको विक्रेता द्वारा राशन प्रदान करने के पश्चात पी ओ एस मशीन से जारी पावती दी जा रही है, अथवा नहीं।

इस हेतु जिला स्तर पर कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। इस कॉल सेंटर का दूरभाष क्रमांक 07412 -270 414 है । जिला स्तरीय कॉल सेंटर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को फोन लगाकर यह पूछा जाएगा कि शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता द्वारा प्रदान करने के पश्चात पीओएस मशीन की पावती दी जा रही है अथवा नहीं

सुबह से लेकर शाम तक टूटे दो गज दूरी के नियम

# 10 रुपए दो, पात्रता पर्ची का आवेदन बनवाओ

पत्रिका ऑन द स्पॉट

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** एक तरफ प्रशासन व उनकी टीम कोरोना को काबू में ले आई है, दूसरी तरफ नगर निगम के राशन कार्ड विभाग के कर्मचारी फिर से कोरोना आए इसके लिए मददगार बन गए है। पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने के लिए जोन के बजाए निगम में आवेदन लेना शुरू कर दिए गए। इसमे भीड़ इतनी की दो गज की दूरी के नियम ही टूट गए।

पात्रता पर्ची के लिए भीड़ हुई यह जानकारी मिली है। सामाजिक दूरी के नियम का पालन करवाया जाएगा। बाहर जो रुपए लेकर आवेदन लिख रहा था वो निगम का कर्मचारी नहीं है।
**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## 20 ले लो मेरा बना दो



नगर निगम गेट के बाहर बैठे एक युवक द्वारा 10-10 रुपए लेकर पात्रता पर्ची के आवेदन लिखे जा रहे थे। सुबह करीब 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक यह क्रम चलता रहा। ऐसे भी लोग आए जो बोले की 10 के बजाए 20 ले लो, लेकिन पहले हमारा आवेदन बना दो। यहां सामाजिक दूरी के नियम को तोड़ा गया।

## महिलाएं खड़ी रही शांत, वापस लौटी

इसी लाइन में आवेदन लेकर आई महिलाएं पहले तो शांत खड़ी रही। बाद में जब यह देखा की महिलाओं की लाइन आगे नहीं बढ़ रही है तो अधिकांश महिलाए बगैर आवेदन दिए ही वापस चली गई। महिलाओं की नाराजी इस बात को लेकर थी की आवेदन झोन के बजाए निगम में लेने से भीड़ बढ़ रही है। इनमे कुछ महिलाएं वो भी थी जो पूर्व में दिए आवेदन पर पात्रता पर्ची लेने आई हुई थी।

## पुरुषों में हुई धक्कामुक्की



आवेदन बनवाने के बाद लोग निगम के राशन कार्ड विभाग में इसको देने जा रहे थे। पुरुषों व महिलाओं ने अपने विवेक से ही अलग-अलग लाइन बना ली थी। पुरुषों की जो लाइन थी उसमें धक्कामुक्की भी हुई। यहां तक की कई ने कर्मचारी से बहस भी की। इन सब के बीच दूरी के नियम को रौंदा गया।



पत्रिका

पत्रिका 27/7/21

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाए

प्रकाश न्यूज • रतलाम

***अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया।***

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाए जाने तथा शहर के नाले-नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन फर्सी इत्यादि खुली न रहे, इसकी व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।

अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर विशाल भटनागर मो.नं. 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर मुकेश मेहता मो. नं. 9629647211,

## आपदा प्रबंधन हेतु निगम ने किए व्यापक प्रबंध

शेरानीपुरा जमातखाना पर विजय अग्रवाल मो. नं. 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलो ग्राउण्ड पर राजेश सिंह तोमर मोबाईल नंबर 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर प्रदीप उपाध्याय मो. नं. 9589944748, धीरज शाह नगर रॉयल हॉल पर कुलदीप भट्ट मो. नं. 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र खिरियाखेड़ी पर महेश व्यास मो. नं. 9752971374 तथा जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर सुनील कपूर मो. नं. 9644000433 को नियुक्त किया गया है। आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किए गए कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे।

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है, साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिए आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है। 5/21/2020

# बड़ी राहत... 6.70 लाख कर्मचारियों को इसी महीने मिलेंगी दो वेतनवृद्धि

## प्रदेश सरकार ने इंक्रीमेंट पर दो साल से लगी रोक हटाई

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

राज्य सरकार ने अपने 6 लाख 40 कर्मचारियों और 30 हजार प्रथम व द्वितीय श्रेणी अफसरों की वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) पर दो साल से लगी रोक सोमवार को हटा दी। इससे कर्मचारियों को 1 जुलाई 2020 की बकाया और 1 जुलाई 2021 को लगने वाले दो इंक्रीमेंट एक साथ इसी महीने मिल जाएंगे। वित्त विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इससे सरकार पर हर महीने 250 करोड़ रु. का अतिरिक्त भार आएगा। इससे कर्मचारियों के मासिक वेतन में 1800 से लेकर 4500 रु. तो अफसरों के वेतन में 5000 से 10000 रु. की बढ़ोतरी हो जाएगी। इनमें शिक्षक संवर्ग के वे कर्मचारी भी शामिल हैं, जिन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिलता रहा है। आदेश के मुताबिक 1 जुलाई 2020 में मिलने वाले इंक्रीमेंट का फायदा काल्पनिक रूप से तय कर उसका भुगतान 1 जुलाई 2021 को देय वेतन वृद्धि में होगा। यानी अफसरों और कर्मचारियों की औसतन वार्षिक वेतन वृद्धि मूल वेतन की 3 प्रतिशत मिलती है तो उनका वेतन दो वेतनवृद्धियां यानी 6 प्रतिशत इंक्रीमेंट जोड़कर तय होगा। सरकारी कर्मचारियों को वेतनवृद्धि का लाभ हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को दिया जाता है। शेष |पेज 5 पर

### 1 जुलाई 2020 को देय इंक्रीमेंट का लाभ काल्पनिक

1 जुलाई 2020 को इंक्रीमेंट 3 प्रतिशत मिलना था यानी उदाहरण के लिए कर्मचारी को वेतनवृद्धि से हर महीने 900 रुपए का फायदा होना था यह राशि 1 जुलाई 2020 से 1 जुलाई 2021 के बीच देय वेतनवृद्धि का फायदा 10800 रुपए हुआ। इसका नकद भुगतान नहीं किया जाएगा। एरियर की इस राशि का भुगतान किए जाने के बाद में फैसला लिया जाएगा। कर्मचारी की दो वेतनवृद्धि मिलाकर इस महीने के वेतन में 1800 रुपए का सीधा फायदा हो जाएगा।

भास्कर

दै. भास्कर 27/7/21

# अगस्त से मिलेगा दो वर्ष की वेतनवृद्धि का लाभ

**7** लाख से ज्यादा प्रदेश के कर्मचारियों को फायदा

**6** % का लाभ कर्मचारियों को मूल वेतन में

**60** हजार करोड़ रुपये वेतन-भत्तों पर सरकार हर साल खर्च करती है

"काल्पनिक वेतनवृद्धि से कोई विशेष लाभ नहीं होगा। वहीं एरियर की राशि को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। सरकार एरियर राशि नगद देगी या भविष्य निधि में जमा कराएगी।"

– **लक्ष्मीनारायण शर्मा**, महामंत्री, मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश के सात लाख से ज्यादा नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों को राज्य सरकार ने रक्षाबंधन पर्व की सौगात दी है। कर्मचारियों को दो वेतनवृद्धि (जुलाई 2020 एवं जुलाई 2021) का लाभ देने के आदेश सोमवार को वित्त विभाग ने जारी कर दिए हैं, पर जुलाई 2020-जनवरी 2021 की वेतनवृद्धि की गणना काल्पनिक होगी। वहीं सरकार ने एक साल की एरियर राशि पर अभी कोई फैसला नहीं लिया है। वेतनवृद्धि का लाभ कर्मचारियों को अगस्त की तनख्वाह से मिलेगा।

दो वेतनवृद्धि एक साथ मिलने से कर्मचारियों को मूल वेतन में छह फीसद

अधीन कार्यरत सभी उपक्रम, निगम-मंडल, स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण, आयोग, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। इन संस्थाओं के कर्मचारियों के संबंध में उनके प्रशासकीय विभाग

वेतनवृद्धि लगने के बाद उसका वेतन 71 हजार 100 रुपये हो जाएगा। जिसका भुगतान अभी नहीं हुआ है।

**डीए के लिए करना पड़ेगा इंतजार** : प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) के लिए अभी इंतजार करना



# खराब रोड एवं गड्ढे से मुक्ति दिलाए

रतलाम। वार्ड नंबर 36 पुरोहित जी का वास सनी मंदिर वाली जर्जर रोड को लेकर क्षेत्र वासियों ने सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान के साथ रोड पर आक्रोश किया। जिला कलेक्टर से मांग की है कि खराब रोड एवं गड्ढे से बारिश में व्याप्त कीचड़ से मुक्ति दिलाते हुए शीघ्र ही सीमेंट कांक्रीट रोड बनवाए।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया कि पुरोहित जी के वास की रोड सनी मंदिर एवं चिगी पूरा मस्जिद जाने की प्रमुख रोड है यहां से प्रतिदिन कई श्रद्धालु निकलते हैं टूटी हुई एवं गड्ढों वाली रोड के कारण आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। पूर्व में भी क्षेत्रवासियों ने निगम प्रशासन से सीमेंट कांक्रीट रोड बनाने की मांग की थी,जिस पर निगम प्रशासन ने इंजीनियर को भेज कर एस्टीमेट बनाकर संपूर्ण करवाई कर ली थी। परंतु निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण फिर से क्षेत्रवासियों को कीचड़ में रहने के लिए छोड़ दिया है। प्रशासन क्षेत्रवासियों की मांग को पूरा नहीं करता है तो शनि मंदिर भक्त मंडल के माध्यम से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जहीर खान, एडवोकेट कैलाश शर्मा, शनि मंदिर पुजारी सुरेश, कमलेश, राजा, फारुख, शाहिद आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

27/7/21

# बाल चिकित्सालय में ऑक्सीजन युक्त वार्ड का कार्य प्रगति पर

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिला मुख्यालय स्थित बाल चिकित्सालय में ऑक्सीजन युक्त क्षेत्र 70 बिस्तरीय वार्ड बनाया जा रहा है, जिसका कार्य प्रगति पर है। जिले में की चिकित्सकीय व्यवस्था में वृद्धि के साथ ही आवश्यक पर्याप्त प्रबंध किए जा रहे हैं।

जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पांच पांच बिस्तर इलाज हेतु बच्चों के लिए आरक्षित किए गए हैं ।इसके अलावा 2- 2 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी उपलब्ध कराए गए हैं । प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एवं सिविल अस्पताल जावरा तथा आलोट में सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन की व्यवस्था बनाकर 20-20 बैड लगाए गए हैं । तीन पीएचसी शिवगढ़, सरवन, रावटी में भी 10-10 बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मेडिकल कॉलेज में 30 बिस्तरीय पीआईसीयू एवं एनआईसीयू का निर्माण भी किया गया है।

जिला चिकित्सालय में अतिरिक्त 20 स्तरीय आईसीयू यूनिट का निर्माण भी किया जा चुका है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में अतिरिक्त 20 स्तरीय आईसीयू का निर्माण भी प्रस्तावित है मरीजों, विशेषकर बच्चों, के अटेण्डेंट के लिए मेडिकल कॉलेज परिसर में व्यवस्था बनाई गई है।

प्रसारण

प्रसारण 27/7/21

तैयारी

# ऑक्सीजनयुक्त वार्ड की बाल चिकित्सालय में तैयारी जोरों पर

रतलाम @ पत्रिका. जिला मुख्यालय स्थित बाल चिकित्सालय में ऑक्सीजन युक्त क्षेत्र 70 बिस्तरीय वार्ड बनाया जा रहा है, ... उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एवं सिविल अस्पताल जावरा तथा आलोट में सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन

## मुख्यमंत्री आज लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों से चर्चा करेंगे

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान 27 जुलाई को दोपहर 1 बजे लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों से चर्चा कर राशि एवं प्रमाण पत्र वितरण करेंगे। सभी जिला मुख्यालय स्थित एन आई सी कक्ष में लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त तीन बालिका हितग्राही एवं लाड़ली प्रमाण पत्र वितरण हेतु दो हितग्राही बालिकाओं को उनके अभिभावकों के साथ कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। प्रसारण

प्रसारित 27/7/21

## सीएम लाडली लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों से चर्चा करेंगे

रतलाम | मुख्यमंत्री 27 जुलाई को दोपहर 1 बजे लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। राशि व प्रमाण पत्र भी देंगे। जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त तीन बालिका हितग्राही व लाडली प्रमाण पत्र वितरण के लिए दो हितग्राही बालिका अपने अभिभावक के साथ मौजूद रहेंगी।

दै. भास्कर 27/7/21

## जल जीवन मिशन की बैठक आज

रतलाम ● लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी



शेरानीपुरा में बीच सड़क पर बड़ा गड्ढा।

# शहर की सड़कें बनी आफत

शनिवार से शहर में कभी मद्धम तो कभी तेज बारिश होने से उकाला रोड, अशोकनगर, मिल्लतनगर में कुछ लोगों के मकानों में पानी घुसा। मराठों का वास और शिवशंकर कॉलोनी में भी कुछ लोगों ने पानी भरने की शिकायत की। दूसरी ओर शहर की बदहाल सड़कों और गड्ढों के कारण लोग फिसलते और चोटिल होते रहे। शेरानीपुरा मेन रोड पर बड़े गड्ढे के कारण अकेले रविवार को पानी भरने से करीब 8 से भी ज्यादा लोग गिरक चोटिल हुए। त्रिवेणी रोड, तेजा नग हरमाला रोड, बाजना बस स्टैंड, दीनदयाल नगर, कस्तूरबानगर मेन रोड, बिरियाखेड़ी रोड, मोहन नगर, डोंगरे नगर, राजेंद्र नगर आदि में भी गड्ढों में बारिश का पानी भरने से कई लोग गिरकर चोटिल होते रहे। जिम्मेदारों की अनदेखी से किसी भी दिन जानलेवा समस्या हो सकती है।

दबंग दुनिया २६/७/२१



# झमाझम बरसात : कनेरी बांध पहली जोरदार बारिश में ओवरफ्लो, ऊपर से बह निकला पानी

रतलाम. शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर कनेरी गांव के पास सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया कनेरी जलाशय इस बार बारिश से पूरा भरने के बाद ओवरफ्लो हो गया है। डेम में पूरी क्षमता से पानी भर जाने से क्षेत्र के चार गांवों के 350 किसानों की फसलों की सिंचाई हो सकेगी। सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री एचके मालवीय के अनुसार 12.21 एमसीएम क्षमता वाले इस डेम से 10 एमसीएम पानी उद्योगों के लिए आरक्षित होगा। जलाशय का शेष पानी सिंचाई के उपयोग में लिया जाएगा।

कनेरी जलाशय करीब दो साल में बनकर तैयार हुआ है। डेम की लागत 4797 करोड़ रुपए है। जब इस डेम की योजना तैयार की गई थी तब इसकी लागत 3968 करोड़ थी किंतु काफी समय तक स्वीकृति नहीं होने से इसकी लागत बढ़ गई।

कनेरी जलाशय की योजना काफी महत्वपूर्ण है। यहां सिंचाई और उद्योग दोनों के लिए पानी संग्रहित होगा। किसानों को सिंचाई के साथ ही उद्योगों के लिए भी 10 एमसीएम पानी इसमें संग्रहित रहेगा। - **एचके मालवीय,** कार्यपालन यंत्री सिंचाई विभाग

## जोरदार बारिश ने जिले को किया तरबतर

सोमवार को सुबह हल्की बारिश हुई उसके बाद यह दौर थम गया। शाम को फिर से हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ जो करीब 2 घंटे तक चलता रहा। रविवार सुबह से सोमवार सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक 10 इंच वर्षा जावरा विकासखंड में दर्ज की गई है। रतलाम जिले में रविवार सुबह से सोमवार सुबह तक सर्वाधिक वर्षा जावरा में 260 मिलीमीटर यानी कि 10 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। बाजना में 149 मिलीमीटर और पिपलोदा में 147 मिलीमीटर जो कि 6 इंच के करीब है। रतलाम में 120 मिलीमीटर जो कि 5 इंच करीब है जबकि ताल में 111 मिलीमीटर और सैलाना में 107 मिलीमीटर बारिश के साथ ही रावटी में 94.4 मिलीमीटर और सबसे कम आलोट विकासखंड में 68 मिलीमीटर दर्ज की गई है। जिले में बारिश का औसत 132 मिलीमीटर दर्ज किया गया है जो कि 5 इंच से अधिक है।

पत्रिका 27/7/21

## एक ही दिवस में बड़ी संख्या में वैक्सीनेशन के लिए प्लानिंग करें

वैक्सीनेशन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में एक ही दिवस में बड़ी संख्या में वैक्सीनेशन के लिए प्लानिंग की जाए। बूथ लेवल अधिकारी इस प्रकार अपने कार्य पर फोकस करें कि उनकी इन्क्वायरी कॉल घर पर पहुंचे कि आपके घर में वैक्सीनेशन हुआ है अथवा नहीं। एसडीएम शहर को निर्देश दिए कि वैक्सीनेशन डाटा अपडेट रखें। तहसीलदार शहर को निर्देशित किया कि उनके पास सूची उपलब्ध रहे तथा उनको पता हो कि कितने व्यक्तियों को वैक्सीनेट किया गया है। जावरा शहर एसडीएम को निर्देशित किया गया कि शीघ्र-अतिशीघ्र जावरा शहर में शत प्रतिशत व्यक्तियों का टीकाकरण कर दिया जाए। रतलाम शहर के बारे में बताया गया कि 18 प्लस वाले 98 हजार व्यक्तियों को टीका लगा दिया गया है तथा 44 प्लस वाले 65000 व्यक्ति टीकाकृत कर दिए गए हैं।

प्रसारण।

प्रसारण। 27/7/21

## डॉक्टरों व अमले की ट्रेनिंग शुरू

## अब मैदानी स्तर पर ही बच्चों के इलाज की तैयारी करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

तीसरी लहर से बचाव के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार मैदानी स्तर पर ही बच्चों के इलाज की तैयारी है। डॉक्टरों के साथ ही मैदानी अमले को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों और चिकित्सकीय स्टाफ को मुस्तैद किया जा रहा है। जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में काम करने वाले 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को टीओटी का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया है। एएनएम, आशा कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों में कोरोना के संभावित संक्रमण के लक्षण व जांच उपचार के बारे में बताया जाएगा। सेक्टर मेडिकल ऑफिसर द्वारा सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मेडिकल में 114 नर्सिंग स्टाफ को कोविड आईसीयू, एचपीयू कोविड आइसोलेशन में प्रशिक्षण दिया है।

दै. भास्कर 27/7/21

## कोरोना से बचाव के तरीके बताए

रतलाम। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा वर्मी कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर ग्राम धराड़ के गुरुकुल स्कूल में व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मप्र जन अभियान परिषद सैलाना ब्लाक समन्वयक रतनलाल चरपोटा, ग्राम प्रधान दिनेश गेहलोत, उपसरपंच मनोज, पंचायत समन्वयक धन्नालाल पुलेरिया अतिथि थे। चरपोटा ने वर्मी कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। धन्नालाल ने कोविड-19 से बचाव प्रक्रिया से अवगत करवाया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। संचालन जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी रघुवीरसिंह सिसौदिया ने किया। आभार जिगेश सिसौदिया ने माना।

नईदुनिया

नईदुनिया। 27/7/21

### बरसते पानी में की नारेबाजी

# परेशानी: जर्जर सड़क को लेकर दूसरी बार हुआ आंदोलन



रतलाम. शहर की जर्जर सड़कों को लेकर अब आम नागरिक आंदोलन करने लगे है। सोमवार को बरसते पानी में पुरोहित जी का वास में लोगों ने सड़क पर प्रदर्शन किया व जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना था की लंबे समय से सीसी रोड बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन जवाबदेह सुनवाई नहीं कर रहे है।

शहर के वार्ड नंबर 36 पुरोहित जी का वास शनी मंदिर वाली जर्जर रोड को लेकर क्षेत्रवासियों ने सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयसिंह चौहान के साथ रोड पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर से मांग की कि खराब रोड एवं गड्ढे से बारिश में हुए कीचड़ से मुक्ति दिलाते हुए शीघ्र ही सीमेंट रोड बनवाएं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चौहान ने बताया कि पुरोहित जी के वास की रोड शनी मंदिर एवं चिंगीपुरा मस्जिद जाने की प्रमुख रोड है।

पूर्व में भी क्षेत्रवासियों ने आंदोलन किया था व निगम प्रशासन से सीसी रोड बनाने की मांग की थी। तब निगम प्रशासन ने इंजीनियर को भेज कर एस्टीमेट बनाकर संपूर्ण करवाई कर ली थी, परंतु निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण फिर से क्षेत्रवासियों को कीचड़ में रहने के लिए छोड़ दिया है। यदि प्रशासन क्षेत्रवासियों की मांग को नहीं मानता है तो शनि मंदिर भक्त मंडल के माध्यम से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जहीर खान, कैलाश शर्मा, शनि मंदिर पुजारी सुरेश कुमार, कमलेश भाई, राजा भाई, फारुख भाई, शाहिद भाई आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# जन शिक्षण संस्थान द्वारा स्वच्छता पखवाड़े में जल प्रबंधन पर व्याख्यान दिया

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

**31 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा 24 जुलाई 2021 वर्मिन कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर ग्राम धराड़ के गुरुकुल स्कूल में व्याख्यान आयोजित किया गया।**



इसमें मुख्य अतिथि रतनलाल चरपोटा म.प्र. जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक सैलाना, अध्यक्ष दिनेश गहलोत सरपंच, विशेष अतिथि मनोज उप सरपंच, पंचायत समन्वयक धन्नालाल फुलेरिया की उपस्थिति में व्याख्यान आयोजित किया गया।

इस अवसर पर रतनलाल चरपोटा ने वर्मिन कम्पोस्ट एवं जल प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। धंन्नालाल ने कोविड 19 से बचाव प्रक्रिया से अवगत करवाया। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी रघुबीर सिंह सिसौदिया ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा ग्राम धराड़ व बाटोड़ा में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षार्थीयों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। श्रीमती जिगेश सिसौदिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

प्रसारण 27/7/21

# नगर निगम द्वारा अब तक 4561 आयुष्मान कार्ड बनाये गये

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डो की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाये जा रहे है। उचित मूल्य की दुकानों पर शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य के तहत विश्वकर्मा महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार त्रिलोक नगर, जवाहर महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार अलकापुरी, डिम्पल महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार नयागांव, ऑल इंडिया प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार जवाहर नगर, श्री कृष्णा महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार सखवाल नगर, बालाजी प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार शहर सराय, हरिओम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार राजेन्द्र नगर, महर्षि प्राथमिक प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार बाजना बस स्टैण्ड, श्री माँ प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार अमृत सागर, गायत्री प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार राजेन्द्र नगर, वैष्णोदेवी प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार भगतपुरी रामगढ़, दीपाली प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार दिलीप नगर, विश्वास महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार फ्रीगंज, मरियम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार जावरा रोड व विनायक महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार स्टेडियम मार्केट पर 140 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इससे पूर्व वार्डवार गठित दलों द्वारा 2543 कार्ड बनाये गये थे इस तरह अब तक 4561 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। आयुष्मान कार्ड से शेष रहे पात्र हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु समग्र आईडी, आधार कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची के साथ निर्धारित दिनांको को अपने वार्ड की उचित मूल्य की दुकानों पर संपर्क कर कार्ड बनवाने की कार्यवाही संपादित करवायें।

इन्दौर समाचार 26/7/21